प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि भाजपा प्रदेश में लोकसभा चुनावों के साथ–साथ विधानसभा के सभी उपचुनाव भी जितेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में विकास करवाया है और विकास का दूसरा नाम भाजपा है। समीरपुर में कल पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता अपना वोट विकास को देगी और लगतार तीसरी बार देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सिर्फ मोदी के नाम की गूंज है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर आपदा के समय केन्द्र सरकार द्वारा जारी राहत राशि को लेकर राज्य की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपदा के समय न तो प्रभावितों की मदद की और न ही सरकार का सहयोग किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने केन्द्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद को भी रूकवा दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र से हिमाचल को आपदा के दौरान जो राशि मिली है वह देश के हर राज्य को हर साल ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए मिलती है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है।

पदोन्नति

प्रदेश के छह एचएएस अधिकारियों को पदोन्नत कर आईएएस कैडर में शामिल कर दिया गया है। केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक एचएएस अधिकारियों राजीव कुमार, विवेक चंदेल, सुनील शर्मा, विनय कुमार, दलीप कमुार नेगी और पंकज ललित को आईएएस कैडर में शामिल किया गया है। इस बीच चुनाव आयोग ने हिमाचल के 9 आईएएस अधिकारियों की सेवाएं दूसरे राज्यों में चुनावी डयूटी पर लेने के निर्देश जारी किए है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने चुनावी डयूटी पर जाने वाले अधिकारियों के विभागों का अतिरिक्त जिम्मा सात आईएएस और एक एचएएस अधिकारी को सौंपा है। इस संबंध में देर रात को अधिसूचना जारी की गई है। चुनावी डयूटी पर जाने वाले अधिकारियों में रोहन चंद ठाकुर, सुदेश कुमार मोक्टा, डीसी नेगी, राजेश्वर गोयल, आदित्य नेगी, कमल कांत सरोच, नीरज कुमार, रूपाली ठाकुर और राम कुमार गौतम शामिल है।

नवरात्र

प्रदेश में इन दिनों नवरात्र उत्सव बडी धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के सभी प्रमुख शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस बीच नवरात्र के आज तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। इसी कारण इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज समाचार पत्रों ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है– इस्तीफे मंजूर न करने पर स्पीकर को हाईकोर्ट का नोटिस

दिव्य हिमाचल लिखता है– वधानसभा स्पीकर को नोटिस, निर्दलीयों के इस्तीफे के मामले में हिमाचल हाईकोर्ट ने 14 दिन में मांगा जवाब।

दैनिक भास्कर के अनुसार– निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे पर नहीं हुआ फैसला, हाईकोर्ट ने विधानसभा के स्पीकर से मांगा जवाब।

हिमाचल दस्तक का शीर्षक है– निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर न करने पर स्पीकर से जवाब तलब। इसी अखबार ने विधानसभा अध्यक्ष के बयान को सुर्खी दी है हाईकोर्ट के आदेशों के बाद ही होगा निर्दलियों पर फैसला। कुलदीप पठानिया बोले उचित समय पर उचित निर्णय लेंगे। जबकि दैनिक जागरण की सुर्खी है– निर्दलीय विधायक बोले– त्यागपत्र करें स्वीकार वापस लेंगे याचिका।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की कांग्रेस के बागी और भाजपा के कुटलहैड से प्रत्याशी देवेंद्र भुटटों पर की गई टिप्पणी पर आपका फैसला का शिर्षक है– भुटटों पर अपमानजनक टिप्पणी, चुनाव आयोग ने डीसी से मांगी रिर्पोट

दैनिक भास्कर के शब्द है– भुटटों को लेकर सीएम के खिलाफ शिकायत पर चुनाव आयोग ने डीसी ऊना से मांगी रिर्पोट।

अमर उजाला की एक खबर है– विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी किए शार्टलिस्ट, 13 को खडगे की अध्यक्षता में केंद्रीय चुनाव समीति की बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ ही हो सकतें है नाम घोषित। हिमाचल दस्तक की एक खबर है– हिमाचल भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन को चंडीगढ से पार्टी टिकट। नशा करते पकडे गए पंजाब के पूर्व मंत्री के बेटे समेत पांच दोस्त 3 दिन के पुलिस रिमांड पर, शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है, शिमला के एक प्राइवेट होटल में नशा करते पुलिस ने किया था गिरफतार। वहीं अखबार की एक अन्य खबर है– नयना देवी में उमड रही भक्तों की भीड, रात 12 से 2 बजे तक ही बंद हो रहे मंदिर के कपाट।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है– रोहतांग, बारालाचा दर्रे सहित चोटियों पर हिमपात, काई स्थानों पर हल्की ़बारिश। हिमाचल दस्तक के मुताबिक प्रदेश में आज और कल भारी बारिश।